**Nai Dunia (Indore), 10th April 2021, Page-5**

# आइआइटी के पांच छात्रों को युवा वैज्ञानिक कांग्रेस पुरस्कार

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आइआइटी) इंदौर के पांच विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 36वें युवा वैज्ञानिक कांग्रेस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जिसमें इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले नितिन तिवारी, शिवम सिंह, निखिल कुमार और जयचंद्रन एस को पहला और मयंक कुमार सिंह को दूसरा स्थान मिला है। परिषद के सदस्यों के मुताबिक राज्य की युवा शोध प्रतिभाओं की पहचान करने और उनकी शोध योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए यंग साइंटिस्ट कांग्रेस का आयोजन होता है। 1984 से युवा वैज्ञानिक सम्मेलन शुरू हुआ है।

परिषद ने एमपी युवा वैज्ञानिक कांग्रेस पुरस्कार राज्य के विभिन्न हिस्सों में आयोजित किया था। जिसमें आइआइटी के कई विद्यार्थियों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट भेजे थे। इनमें से पांच को पुरस्कार मिला है। नितिन ने सिविल इंजीनियरिंग में एमसीआइपी विधि का उपयोग किया है। इसके जरिए स्वदेशी जीवाणुओं के साथ फैलने वाले मिट्टी के सूक्ष्म-यांत्रिक प्रदर्शन मूल्यांकन में अध्ययन किया है। वहीं छात्र शिवम को पृथ्वी और वायुमंडलीय विज्ञान में वायुमंडलीय नदियों के स्पैट-टेम्पोरल वितरण और बड़े पैमाने पर जलवायु दोलनों पर शोध के लिए पुरस्कार मिला है। छात्र निखिल ने पर्यावरण विज्ञान विषय से जुड़ा प्रोजेक्ट बनाया, जिसमें भारत में जलवायु सीमाओं के संभावित आकलन : अतीत और भविष्य पर अध्ययन किया। जयचंद्रन एस, ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बेकार थर्मल एनर्जी हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए एनआइटीआइ शेप मेमोरी एलाय बिमार्फ ड्राइव के डिजाइन और विकास पर अध्ययन किया। मयंक ने लचीले सुपरकैपेसिटर के लिए एक उत्कृष्ट इलेक्ट्रोड सामग्री के रूप में सीओएस आर्किटेक्चर एमएक्सईएन पर प्रोजेक्ट बनाया।